तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

13 156.30 लाख रुपए के नवीन गौरव पथ का विधायक ने...

14 क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना मेरी...







## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भुलका में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ उसी के परिवार के लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में कराई गई है। पुलिस को समारू पटेल निवासी ग्राम भुलका ने बताया कि 18 अप्रैल की रात 8 बजे उसके पुत्र अभेलाल पटेल व नाती रमेश पटेल ने जमीन की बात को लेकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। इस दौरान अभेलाल पटेल ने जान से मारने की धमकी देकर ईंट से उसके सिर में वार कर दिया। जब वह इलाज कराने के लिए जा रहा था तभी धानापाली के पास पहुंचने पर उसके नाती रमेश पटेल, उसका मामा उग्रसेन पटेल व मनबोध पटेल ने मिलकर गाली गलौज कर मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### उधार व खेत जुताई का पैसा मांगने पर मारपीट

**महासमुंद।** उधार व खेत जुताई का पैसा मांगने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को जयानंद बुड़ेक निवासी ग्राम नवागांव ने बसना पुलिस को बताया कि गांव के सुभाष भोई ने करीब 3 वर्ष पूर्व उससे13000 रुपए उधार लिया था। जिसे आज तक वापस नहीं किया है। पिछले साल सुभाष भोई के खेत को उसके ट्रेक्टर से तीन घंटा जुताई किया था जिसका किराया 3600 रुपए भी नहीं दिया है। 18 अप्रैल को वह अपनी पत्नी बेलमती बुडेक के साथ खेत जा रहा था, तभी रास्ते में अनिल भोई ने बार- बार पैसा मांगता है कहकर पति-पत्नी के साथ गाली गलौच किया। इसके बाद वे दोनों खेत चले गए। जहां दोपहर करीब 12 बजे सुभाष भोई और सानंद बुडेक आये हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आठ लाख का गांजा जब्त राजस्थान के दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कार से 40 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में राजस्थान के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा 18 अप्रैल को बसना पदमपुर रोड परसकोल चौक बंसुला में स्टाफ के पदमपुर ओडिशा की ओर से आ रहे वाहनों को चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पदमपुर रोड ओडिशा की ओर से कार टाटा टियागो क्रमांक सीजी 15 डीएच 4324 को रोककर चेकिंग की गई। जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिस पर कार चालक ने अपना नाम रामकिशन बिश्नोई पिता हेतराम बिश्नोई (21 साल) निवासी पडियाल थाना भोजासर जिला फलौदी राजस्थान तथा बगल सीट में बैठे युवक ने अपना नाम मनीष देवाशी पिता हरीराम देवाशी (19 साल) निवासी मोटाई थाना चाखू जिला फलौदी राजस्थान का रहने वाला बताया।पूछताछ में आरोपियों ने कार की डिक्की में दो सफेद कलर के प्लास्टिक बोरी में गांजा होना बताया, जिसे टिटलागढ रामपुर ओडिशा से खरीदकर बीकानेर राजस्थान ले जाना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 40 किलो 400 ग्राम गांजा (कीमत 800000 रुपए), कार कीमत 2,00,000 रुपए, मोबाइल व नगदी रकम जब्त किया गया। मामले में आरोपियों को धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### समस्या : बीते दिनों क्षेत्र में आई आंधी और बारिश से खेतों में धान की बालियां झुकी

# धान में तनाछेद और भूरा माहो का प्रकोप दवा का असर नहीं, बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के विभिन्न ब्लॉकों राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद एवं कोपरा, पाण्डुका क्षेत्र में इस वर्ष रबी सीजन में किसानों ने बड़ी संख्या में धान की खेती की है। भीषण गर्मी के बावजूद खेतों में धान की फसलें लहलहा रही हैं, और इन दिनों बालियों का निकलना भी शुरू हो गया है।

हालांकि, इस मेहनत के बीच किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। कई जगहों पर धान की फसल में तनाछेद और भूरा माहो कीटों का प्रकोप देखा जा रहा है, जिससे फसल पर खतरा मंडरा रहा है। किसान लगातार कीटनाशकों का उपयोग कर बचाव के प्रयास में जुटे हुए हैं। किसान रामलाल और रेखराम ने बताया कि धान की फसल में तना छेदक कीट का प्रकोप लगातार बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कीट नियंत्रण के लिए अब तक तीन से चार बार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कीटों का प्रभाव कम नहीं हो रहा है। दोनों किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, बीते दिनों क्षेत्र में आई आंधी और बारिश ने भी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। कुछ खेतों में बालियों के झुक जाने और पौधों के गिरने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसानों ने प्रशासन से कीट नियंत्रण के लिए मदद की मांग की है ताकि समय रहते फसल की रक्षा की जा सके और रबी सीजन की मेहनत बेकार न जाए।




### खेतों में सूखा, नहर में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर किसानों ने विधायक से की मुलाकात

**छुईहा बेलर।** सिकासेर जलाशय से पाण्डुका फिगेंश्वर डिस्ट्रीब्यूशन में रबि फसल धान के लिए सिंचाई के लिए शासन द्वारा पानी देना सुनिश्चित हुआ है। किसानों की कड़ी परिश्रम से फसल अच्छी पैदावारी की उम्मीदें लगाए हैं। लेकिन सिंचाई विभाग गरियाबंद द्वारा रूक रूक रहर में पानी छोड़ने से खेत के फसल को समय पर पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जिसमें वर्तमान में फसल को आंशिक नुकसान हुआ है, आगे इसी तरह बीच बीच में लम्बा ब्रेकिंग से सिंचाई पानी दी तो पैदावारी में किसानों को भारी नुकसान पहुंचेगा। उक्त पीड़ा को बयां करने और समय पर सिंचाई पानी दिलाने राजिम विधायक रोहित साहू शनिवार को मुलाकात किया। जिसमें बेलर, बोडकी किसान, ग्राम प्रमुख, जनप्रतिनिधि राम जी साहू ,खोमन साहू, विष्णु राम साहू, लेख राम रात्रे, सुरेंद्र रात्रे, घनश्याम साहू, भगवत सिंन्हा, संजय विश्वकर्मा, बिहारी राम टंडन ,परमेश्वर साहू मिलकर मांग



करने वाले में शामिल हैं। विधायक को बताया कुछ किसानों ने जल स्रोत में पानी की कमी होने की वजह से फसलों के मुरझा जाने की चिंता बढ गई है। विधायक ने मुख्य कार्यपालन अभियंता गरियाबंद को फोन कर किसानों की समस्या की समाधान करने निर्देश दिए। अधिकारी ने विधायक को बताया कि सिंचाई पानी फिगेश्वर डिस्ट्रीब्यूशन में 4 दिन फिर राजिम डिस्ट्रीब्यूशन में 4 दिन देने कार्य योजना बनी है। इस बार किसान डिमांड से अधिक क्षेत्र में फसल लगाये है। जलाशय में पानी की भराव के हिसाब से यह व्यवस्था बनी है। अब लगा है तो फसल पकते तक पानी देना आवश्यक जिम्मेदारी बन गया है। अधिकारी ने आश्वस्त किया है आज कल में खेत तक पानी पहूंच छायेगा। मुख्य कार्यपालन अभियंता गरियाबंद सिंचाई विभाग एस के वर्मन ने कहा की शिकासेर जलाशय में जल भराव की स्थिति पर दोनों तट में 4-4 दिन सिंचाई पानी दिया जायेगा।

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा का खस्ता हाल, एक भी संस्थान नहीं है शहर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम में उच्च तथा तकनीकी शिक्षा का खस्ता हाल है। राजिम सहित आसपास के 40 से 50 गांव के छात्र निजी एवं शासकीय स्कूल एवं कॉलेज में अन्य शहरों में पढ़ने जाते है। शहर में तकनीकी शिक्षा के एक भी संस्थान नहीं है। तकनीकी शिक्षा का प्रथम पायदान माने जाने वाला आईटीआई तक नहीं है। पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, कृषि महाविद्यालय, लॉ कॉलेज तो दूर के सपने है। जबकि इससे कम आबादी के कस्बों एवं गांव में इन दोनो शहर से बेहतर तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के संस्थान उपलब्ध है। बता दें कि 50 से अधिक गांव के छात्र-छात्राएं शासकीय एवं निजी स्कूल एवं कॉलेज में ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 50 लाख की लागत से बनी लाइब्रेरी की जल्द मिलेगी सौगात

राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि राजिम नगर में 50 लाख रुपए की लागत से पुस्तकालय भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। आगामी कुछ दिनों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया जाना है। पुस्तकालय में शिक्षाप्रद किताब, साहित्य कविता की किताब, अखबार, रोजगार निर्माण, रोजगार समाचार के साथ-साथ धार्मिक पुस्तक एवं ग्रंथ रखे जाएंगे। पुस्तकालय को बैंक बुक के रूप में भी विकसित करने की योजना है। जिसका लाभ राजिम के लोगों के अतिरिक्त आसपास के गांव के लोगों एवं छात्र-छात्राओं को मिलेगा। लाइब्रेरी का उन्नयन डिजिटल ई-लाइब्रेरी के रूप में परिवर्तित करने का भी प्रयास रहेगा।

### संत सुफल भगत जयंती कार्यक्रम आज, विधायक साहू होंगे शामिल

**राजिम।** राजिम के मेला मैदान सामाजिक भवन में 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज का संत सुफल भगत जयंती कार्यक्रम होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर एवं सभी पार्षद मौजूद रहेंगे। बताया कि इस अवसर पर समाज प्रमुख कमलेश कंडरा, अशोक कंडरा, टीकम कटारिया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। बताया कि सुबह 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने कचना ध्रुवा मांदरी लोकनृत्य उत्तर बस्तर कांकेर, कोयलिया रेला पाटा सिरसिदा कुरूद, कमार आदिवासी नृत्य दल देवरी छुरा, आदिवासी नृत्य दल कुरूद एवं पंडवानी भजन पूना बाई रमेश बंसोर खट्टी की टीम आ रही है। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक अतिथि आगमन स्वागत-सम्मान समारोह एवं 4 बजे शोभायात्रा निकलेगी।





### सांसद से मिनी स्टेडियम की मांग

**छुरा।** सांसद रूपकुमारी चौधरी से मण्डल के बूथ क्रमांक 138 बूथ अध्यक्ष एवं उप सरपंच हरदी रुपनाथ बंजारे के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव की मुख्य मांग मिनी स्टेडियम का ध्यानाकर्षण के लिए मुलाकात किए। ग्राम हरदी में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय और क्षेत्रीय सांसद सम्मिलित हुए थे। जिसमें आयोजक समिति ने मिनी स्टेडियम का मांग रखा था। उसी मांग को ध्यानाकर्षण के लिए सांसद निज निवास बसना पहुंच कर मुलाकात किए। आयोजक एवं वरिष्ठ गण और जनप्रतिनिधियों ने विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए मिनी स्टेडियम के लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। इस विषय को समझते हुए सांसद ने स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लखन तिवारी, मंथीर ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच हरदी शीतल ध्रुव,चमन यादव आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष मुख्य रूप से मांग रख कर मुलाकात किया।

# विहिप व बजरंग दल ने सीएम ममता का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विहिप व बजरंग दल ने फूका सीएम ममता बनर्जी का पुतला विरोध प्रदर्शन किया। धरना को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्वाण रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है।

मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल 2025 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं




थी।वक्फ कानून का विरोध नहीं अपितु बंगाल से हिंदू मिटाओ का अभियान चलाया जा रहा हैं, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूट कर जलाया सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया वह तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई परिणाम स्वरुप 500 से अधिक हिंदू परिवार को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा।

बंगाल में हो रहे हिंदुओं के ऊपर अत्याचार एवं दुर्व्यवहार के विरोध में शाम 4 बजे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल फिंगेश्वर प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा फिंगेश्वर नगर के पुराना बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन कर ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री एवं जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन,नारेबाजी कर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम तहसीलदार डिंपल धुरव को ज्ञापन सौंपा दिया गया। इस अवसर पर निखिल यादव जिला मंत्री ललित साहू,सेवक साहू प्रखंड सहमंत्री रोशन साहू,प्रखंड संयोजक प्रवीण साहू,दिनबंधु साहू,शुभम जैन, लक्ष्य शर्मा, चूमेंद साहू, पिंकेश श्रीवास, शुभम तिवारी, धनेंद्र साहू गब्बर सिंग उपस्थित थे।

### अनुत्तीर्ण व पूरक छात्रों के लिए मई में लगेगी कक्षाएं

# 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम 30 को होंगे घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

5 वी-8वी का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित होने जा रहा है। मूल्यांकन कार्य 15 अप्रैल तक पूरा किया जाना अनिवार्य था और 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार कर 28 अप्रैल तक उन्हें विकासखंड शिक्षा कार्यालयों के माध्यम से संबंधित स्कूल को भेज दिया जाएगा। विकासखंड श्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि स्कूलों में परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी अंतिम चरण में है। अनुत्तीर्ण एवं पूरक छात्रों को विषय शिक्षक के द्वारा परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं में फेल हुए छात्रों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पूरक छात्रों के लिए 1 मई से विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएगी। स्कूल के विषय शिक्षकों द्वारा गर्मी छुट्टी में अनुत्तीर्ण एवं फेल हुए छात्रों को पढ़ाया जाएगा। माह जून में पुनः छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने का मौका दिया जाएगा। इस संदर्भ में डीपीआई की तरफ से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए है।

### अनुत्तीर्ण छात्रों की परीक्षा जून में

कक्षा 5वीं एवं 8वीं परीक्षा में पूरक अथवा फेल हुए छात्रों के लिए 1 जून से पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। संचालनालय द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार दुबारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों को प्रमोट कर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड के तर्ज पर केंद्रीकृत तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया था। शासन स्तर पर शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।



# तापमान 40 डिग्री, लू से लोगों की बिगड़ी तबियत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गर्मी का असर दिनबदिन बढ़ने लगा है। पूरा दिन गर्म हवाओं के थपेड़े से लू के हालात बन रहे है। इसी के साथ लोग तेज बुखार और खांसी से बेहाल हो रहे है। अप्रैल का यह महिना भारी पड़ने लगा है। तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला गया है। हवाएं गर्म हो गई है। झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। यहां तक कि घर के दीवाल और आंगन भी भट्ठी के माफिक तपने लगा है। हर कोई बेचैन है। तकलीफ तो उन बेजुबान जानवरों को हो रही है, जिन्हें इस विकराल गर्मी में चारा और पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। पक्षियों की भी यही हालत है। चहचहाने की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है। पंखा का हवा अब किसी को भी नहीं सुहा रहा है। कूलर भी गर्म हवा फेंकने लगी है। लोगों के लिए एसी ही सुविधाजनक साधन बना हुआ है। गर्मी को देखते हुए 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक अधिकतर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान

यात्री गाड़ियों में बैठने वाले लोग गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचने के लिए नाक, कान, मुंह बांधकर चल रहे है। गाड़ी से उतरते समय भी नाक कान को बांधे रहना मजबूरी बन गया है। ऐसे लोग गाड़ी से उतरते ही छांव की तलाश में लग जाते है। खासतौर से लड़कियों और महिलाओं को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ जाता है क्योंकि इन्हें सिर छिपाने के लिए कोई सही जगह नहीं मिलता। किसी होटल या फल दुकान के किनारे खड़े होकर घर तक जाने के लिए परिजनों का इंतजार करना पड़ता है।



# 45 समितियों से 5580 क्विंटल धान गायब, 1 करोड़ 72 लाख रुपए की होगी वसूली, नहीं दिया तो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 का करीब 5580 क्विंटल धान 45 समितियों से गायब हो गया है। समितियों के किए गए भौतिक सत्यापन के बाद यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद अब खाद्य विभाग ने गायब धान के बदले समितियों से राशि की रिकवरी करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन नोटिस के बाद भी अगर समितियों ने गायब धान के बदले राशि जमा करने की पहल शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई समिति प्रबंधक गायब धान को सूखत बताते हुए राशि देने से इनकार भी कर रहे हैं। इसे देखते हुए विभाग अब ऐसी समितियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है।

## इन समितियों से इतना धान गायब



| समिति | धान (क्विंटल में) |
|---|---|
| गुमा | 560 |
| नगपुरा | 480 |
| तामासिवनी | 419.20 |
| पोंड | 318.80 |
| फरहदा-खरोरा | 300.40 |
| मुनरेठी | 280 |
| खरोरा | 243.60 |
| सरोरा | 229.20 |
| कोसरंगी | 226.40 |
| बुडेरा | 217.20 |
| बेल्दासिवनी | 202.40 |
| कनकी | 193.60 |
| खोरसी | 188.40 |
| गोइंदा | 183.20 |
| नरदहा | 163.60 |
| धरसींवा | 149.60 |
| पलौद | 142 |
| बेल्दारसिवनी | 118 |
| तिल्दा | 116 |
| टोहडा | 110 |
| मोखला | 96 |
| असौंदा | 86.80 |
| बंगोली | 86.80 |
| दतरेंगा | 71.20 |
| जरौद | 68.80 |
| धरमपुरा | 68.40 |
| बुढेनी | 63.60 |
| लखौली | 52.80 |
| छड़िया | 30 |
| सोंडरा | 29.60 |
| सुंदरकेरा | 26.80 |
| उरला | 23.20 |
| दोंदेकला | 10.80 |
| नगरगांव | 10 |
| बेंद्री | 07.60 |
| खौना | 02 |
| केंद्री | 0.80 |
| सारागांव | 0.80 |
| अमोदी | 0.40 |
| कठिया-नवापारा | 0.40 |
| टेकारी मंदिर हसौद | 0.40 |
| नगपुरा | 0.40 |
| नवापारा | 0.40 |
| नारा | 0.40 |
| सकरी अभनपुर | 0.40 |

## रिकवरी का पूरा प्रयास नहीं तो एफआईआर

नोटिस के बाद कई समितियों ने गायब धान या बदले में राशि जमा कराई है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना शेष है। बचे धान की रिकवरी का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कई समितियां सूखत बताकर लौटा नहीं रही हैं। नहीं लौटाने पर एफआईआर कराएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर

## 16500 क्विंटल हुआ था गायब 10920 क्विंटल कराया जमा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले में कुल 139 समितियों ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 6997417.20 क्विंटल धान खरीदा था। इसके एवज में 45 समितियों से 16500 क्विंटल धान गायब मिला था, जिसका खुलासा खाद्य विभाग द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में हुआ। इस तरह प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए के हिसाब से 5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत का धान इन समितियों से गायब हुआ। विभागीय अधिकारी का कहना है कि भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई, जिस पर कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित समितियों से गायब धान के बदले राशि रिकवरी करने और नहीं देने पर गाइड लाइन के तहत कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में विभाग ने इन समितियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के विरुद्ध कई समितियों ने धान और बहुतों ने धान के बदले राशि भी लौटाई। इस तरह समितियों ने 10920 क्विंटल की भरपाई कर दी है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में निगम को 17119 मांगें और 2478 शिकायतें मिलीं

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत रायपुर नगर निगम को अब तक कुल 19 हजार 597 आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों में 17119 मांगें और 2478 शिकायतें की गई हैं। इन



मांगों और शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं। शहर के सभी 70 वार्डों में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल शिविर लगाकर लोगों के मांग और समस्या से संबंधित आवेदन लिए गए हैं। दूसरे चरण में इन आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 तक चलेगा। इस दौरान समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें आवेदन करने वाले लोगों को उनकी मांग व शिकायतों का किए गए निराकरण की पूरी जानकारी दी जाएगी। शिविर में आए आवेदनों में कई शासकीय विभागों से सम्बंधित मांगे और शिकायतें आई हैं। इनमें 6817 मांगों और 665 शिकायतों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के लिए भेजा गया है।

## कांग्रेस ने ईडी दफ्तर का घेराव कर उसका नाम भाजपा कार्यालय रखा

# राजीव भवन घेरने निकले भाजपाइयों को पुलिस ने रोका, भाजपा ने फूंका सोनिया-राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम ईडी की चार्जशीट में दायर होने के बाद इस मामले में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए हैं। शुक्रवार को भाजपा ने राजीव भवन घेराव करने का प्रयास किया। भाजपाइयों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राजीव भवन में भी कांग्रेसी एकत्रित हो गए थे। यूथ कांग्रेस ने रायपुर में ईडी दफ्तर का घेराव किया और उसका नाम भाजपा कार्यालय रख दिया है।

ईडी की चार्जशीट को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। शुक्रवार को भाजपा भी मैदान पर उतर गई। प्रदेश में भाजपा ने कई जिलों में कांग्रेस भवन का घेराव किया और सोनिया गांधी, राहुल गांधी के पुतले फूंके। राजधानी रायपुर में भी भाजपा ने राजीव भवन का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनको रास्ते में ही रोक दिया। भाजपा नेता राजीव भवन तक पहुंच जाते, तो बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि कांग्रेसी भी राजीव भवन में भारी संख्या में एकत्रित हो गए थे। भाजपा के राजीव भवन घेराव और आंदोलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रदेश प्रवक्ता केदार नाथ गुप्ता सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।





### ईडी की कार्रवाई मोदी सरकार की साजिश : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी सत्ता की कठपुतली बनकर सरकार के अनुचित दबाव में अपनी सीमा और मर्यादा भूल चुकी है। न्यायालय ने पहले भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि ईडी की कार्रवाई उसके तय मैनुअल के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड मामले में तो भाजपा के एक नेता के निजी परिवाद पत्र को आधार बनाकर ईडी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगा रही है, जो सर्वथा अनुचित है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मोदी की घबराहट को दिखाता है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जनता की आवाज उठा रहे हैं, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है।



### ईडी का बदला नाम

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर की गई कार्रवाई के विरोध में यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि ईडी की एफआईआर कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल किए जाने का प्रयास है। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में कार्य कर रही है। इस कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचकर इसका नाम भारतीय जनता पार्टी प्रवर्तन कार्यालय रख दिया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, आदिल आलम, सोनू शर्मा, संदीप वोरा, प्रदेश सचिव फहीम शेख, रुचिर दुबे, अमिताभ घोष सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 'द लेंस' लॉन्च



**रायपुर।** न्यूज वेबसाइट द लेंस की लॉन्चिंग शुक्रवार को प्रेस क्लब में की गई। मुख्य वक्ता दिल्ली विवि के प्राध्यापक और लेखक प्रो .अपूर्वानंद रहे। वरिष्ठ पत्रकार व लेखिका नीरजा चौधरी और द वायर के संस्थापक संपादक सिद्धार्थ वरदराजन भी कार्यक्रम में बतौर वक्ता शामिल हुए। सैकड़ों की संख्या में पत्रकार इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। वेबसाइट के संपादक रुचिर गर्ग ने वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। अतिथि वक्ताओं ने वैश्विक परिवेश में पत्रकारिता के बदलते आयामों पर चर्चा की।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- अस्पताल में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दीपक म्हस्के ने सीजीएमएससीएल के अध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा, डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में सीजीएमएससीएल का गठन हुआ था। तब अमर अग्रवाल उस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। दूरस्थ अंचलों में हमारे अस्पतालों में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य था। तब इस कॉर्पोरेशन ने बहुत अच्छे ढंग से काम किया, लेकिन बीच के कांग्रेस शासन के पांच साल में इस कॉर्पोरेशन में घोटाले हुए, जिनकी जांच हो रही है। श्री साय ने भरोसा दिलाया कि मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल और श्री म्हस्के मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ाएंगे। श्री साय ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष और प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की और प्रदेश में भाजपा शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के हुए विस्तार का जिक्र भी किया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रदेश सरकार तेजी से काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीजीएमएससीएल को दवाओं की समय पर उपलब्धता, आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से उपयोगी संस्था बताते हुए कहा कि सीजीएमएससीएल की जो छवि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान धूमिल हुई है, उसे ठीक करने का काम श्री म्हस्के करेंगे, यह विश्वास हम सबको है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मंत्री दयालदास बघेल, विधायक अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, इंद्रकुमार साहू, रोहित साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, रामप्रताप सिंह, महापौर मीनल चौबे, डॉ. सलीम राज, मोना सेन, लोकेश कावड़िया, वर्णिका शर्मा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अमरजीत छाबड़ा, राजीव अग्रवाल, संदीप शर्मा, केदार गुप्ता, शशांक शर्मा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभागीय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल ने किया पदभार ग्रहण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है, यहां कृषि औजारों के निर्माण सहित विभिन्न शिल्प कलाओं के निर्माण में लौह शिल्पकारों की प्राचीन काल से ही अहम भूमिका रही है। हमारे प्रदेश के हर क्षेत्र एवं हर गांव में लौह शिल्प से जुड़े शिल्पकार निवासरत हैं और वो अपनी जीविकोपार्जन के लिए ही नहीं बल्कि अपने परम्परागत व्यवसाय के माध्यम निर्माण के क्षेत्र में अहम भागदारी निभा रहे, नवनियुक्त अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा के नेतृत्व में बोर्ड शिल्पकारों के उत्थान एवं शिल्प कला को नई ऊंचाइया प्रदान करेगा। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, विश्वकर्मा समाज का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। कहते हैं भगवान श्री विश्वकर्मा इस सुंदर संसार का सृजन किए। पहले गांव में कोई भी कार्य विश्वकर्मा समाज के लोगों के बिना पूर्ण नहीं हो पाता था चाहे कृषि का कार्य हो या शादी-ब्याह। सभी में लोहे से बने औजारों का उपयोग करते थे। आज लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के माध्यम से ऐसे प्रतिभाशाली शिल्पकारों को पहचान कर उनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पकड़ी गड़बड़ी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है।



महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था, जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। श्रीमती राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में फर्जी उपस्थिति दर्ज, पोषण ट्रैकर ऐप में अधूरी प्रविष्टियां, सखी वन स्टॉप सेंटर की निष्क्रियता और करकाभांठ केंद्र में गंदगी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए। साथ ही, विभागीय बैठकों में नियमित अनुपस्थिति का आरोप भी श्री टंडन पर है। इन सभी खामियों को गंभीर मानते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने समीक्षा बैठक में नाराज़गी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकेंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ती को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है।

## 5 से 31 मई तक लगेंगे समाधान शिविर, एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा

# सुशासन तिहार से जागी उम्मीद, आवेदकों की पूरी होने लगी मांग, मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्यभर में शुरू हुए सुशासन तिहार का असर अब दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ के शहरों से लेकर गांवों तक में लाखों लोगों ने इस अभियान के माध्यम से अपनी मांगें और शिकायतें सरकार तक पंहुचाईं। इसके बाद से ही सरकारी अमला मांगों और शिकायतों पर कार्यवाही में जुटा है।

प्रदेश के कई जिलों से अब आवेदकों की मांग पूरी होने की जानकारी मिली रही है। लोगों ने शासन की इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए हैं। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आयुष्मान कार्ड चाहा था, बन गया

महासमुंद जिले में पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत जंघोरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे उन्हें योजना को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन उन्हें कार्ड हाथों में प्रदान कर दिया गया।



### महिला का बना श्रमिक कार्ड

श्रम विभाग में प्राप्त आवेदन में जिसमें नगर निगम राजनांदगांव के शीतला माता वार्ड निवासी भारती देवांगन की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया और उन्हें तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत भारती देवांगन ने श्रमिक कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमपदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन किया गया था।

### *बैगा आदिवासी को मिली ट्राइसिकल*

*बिलासपुर जिले में कोटा ब्लॉक के ग्राम के ग्राम पंचायत करका निवासी मंगल सिंह बैगा को आवेदन देते ही महज 24 घंटे के भीतर ट्राइसाइकिल मिली। वे दिव्यांग पेंशन की पात्रता सूची में भी आ गए हैं जल्द ही उन्हें पेंशन भी मिलने लगेगी। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और उन्हें ट्राइसाइकिल दी गई। सुशासन तिहार के दौरान मंगल सिंह बैगा ने ट्राइसिकल और पेंशन के लिए आवेदन 10 अप्रैल को दिया था। उन्हें 11 अप्रैल को ही समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसिकल प्रदान करने की सूचना दी गई। लेकिन उन्होंने 15 अप्रैल को ट्राइसाइकिल लिया।*

### *राशन कार्ड में जुड़ा नाम, अब मिलेगा राशन*

*बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत धुरागांव निवासी शम्भूनाथ कश्यप के परिवार में पहले केवल दो सदस्य माता समली कश्यप और वह स्वयं ही थे लेकिन तीन वर्ष पहले विवाह होने के बाद पत्नी महादई कश्यप और दो साल का बेटा प्रभात भी अब परिवार में सदस्य हैं। इन दोनों का नाम उन्हें प्रदत्त प्राथमिकता राशनकार्ड में शामिल नहीं था। इसे देखते हुए शम्भूनाथ ने राशनकार्ड में अपनी पत्नी और बेटे का नाम जुड़वाने के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत 11 अप्रैल को आवेदन ग्राम पंचायत में जमा किया था, उक्त आवेदन पर एक सप्ताह के भीतर ही कार्यवाही कर राशनकार्ड में नाम जोड़कर उसे नया राशनकार्ड प्रदान कर दिया गया।*

### *ड्राइविंग लाइसेंस मिला*

*इसी क्रम में रायपुर जिले के ग्राम सांकरा निवासी विकास मिश्रा ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्हें विश्वास था कि सुशासन तिहार के तहत उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई होगी। आवेदन प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा श्री मिश्रा से संपर्क किया गया। उन्हें विभागीय कार्यालय बुलाकर आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई और ड्राइविंग टेस्ट लिया गया। सभी औपचारिकताओं के उपरांत उनका लर्निंग लाइसेंस जारी कर किया गया।*

**खबर संक्षेप**

## राजिम में सुफल भगत जयंती आज

**महासमुंद।** कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 20 अप्रैल को कंडरा समाजिक भवन मेला मैदान राजिम में संत सुफल भगत जयंती कार्यक्रम आयोजित है। जयंती कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, विशिष्ट अतिथिगण चंद्रशेखर साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम ठाकुर, भारत यादव, अंजनी निषाद, बलराम निषाद, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, मंशा कुर्रे, कुलेश्वर साहू, रेखा कुलेश्वर साहू। जयंती कार्यक्रम में कंडरा समाज के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग राशि से यह कार्यक्रम आयोजित है। जयंती कार्यक्रम दिवस में सॉस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः11 बजे से कचना धुरवा मॉदरी लोक नृत्य उत्तर बस्तर कॉकेर, कोयलिया रेला पाटा सिरसिदा (कुरुद), कमार आदिवासी नृत्य दल देवरी (छुरा), आदिवासी नृत्य दल कुरुद, पंडवानी भजन पुनाबाई रमेश बंसोड़ खट्टी द्वारा कार्यक्रम किया जायेगा तथा दोपहर भोजन प्रसादी के बाद संध्या 4 बजे विशाल शोभा यात्रा का आगाज किया जाएगा। उक्त जानकारी पूर्व सचिव जगदेव कंडरा बंगोली-मिडिया प्रभारी ने दी है।

# 156.30 लाख रुपए के नवीन गौरव पथ का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर





अभनपुर हाईवे से एसडीमए कार्यालय तक 156.30 लाख की स्वीकृत नवीन गौरव पथ का भूमिपूजन विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया। यह मार्ग बनने से अभनपुर मुख्यालय के समस्त कार्यालय के लिए आवागमन की सुलभ सुविधा उपलब्ध होगी, यह बहुप्रतिक्षीत मांग काफी दिनो से लोग करते आये है खासतौर पर वार्ड नंबर 15 के लोगों को इस मार्ग के बनने से आवागमन आसान हो जायेगा। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि आप सभी की मेहनत व सहयोग से नगर पालिका मे एक अच्छा रोड का निर्माण हो रहा है, विकास की दिशा में एक नया आयाम जुड़ रहा है आने वाले समय मे नेशनल हाईवे 30 से बिजली ऑफिस होते हुये मार्ग का टेंडर हो चुका है, आने वाले समय में गौरवपथ का निर्माण होना है, अभनपुर नगर पालिका को व्यवस्थित बनाने के लिए जनहित के कार्यों में सभी पार्षद व आम नागरिक को मिलकर काम करना होगा, बहुत से कार्य राजनीति के चलते अवरूद्ध हो जाता है, मै नहीं चाहता कि अभनपुर का विकास किसी भी राजनीति के चलते अवरूद्ध हो भले ही हम ग्रमीण क्षेत्र से आते है लेकिन सभी का कार्यक्षेत्र अभनपुर है,अभनपुर हमारा आत्मा है इसी के अनुरूप सिटी डेवलपमेंट अभनपुर के लिए पांच साल के विकास कार्यों के लिए 114 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है, नगरवासियों के सोच के अनुरूप अभनपुर विकसित हो सभी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध रहने पर यहां की बसाहट बढ़ेगी लोगों का व्यापार, व्यवसाय भी बढ़ेगा। अभनपुर राजधानी मुख्यालय का सबसे नजदीक शहर है इस क्षेत्र में मोदी जी की गारंटी के तहत बड़ी बड़ी योजनाएं आ रही है, अभी मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली है जिसके लिए 125 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, लेकिन हमारे नगर पालिका मे एक साथ इतनी भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण, मुख्यमंत्री से मांग कर अभनपुर सीमा में ही एनआरडीए क्षेत्र की भूमि आवंटित करने के लिए बात चल रही है, जिससे अभनपुर क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इस अवसर पर जपं. अध्यक्षा चंद्रिका बंजारे, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, नीलक मल गिलहरे, मीना साहू, पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, पूर्व पार्षद राजा राय, शिवनारायण बघेल, हरीश पांडे, शिवपूजन गुप्ता, पीडब्लूडी एसडीओ श्री वैद्य, कांन्ट्रेक्टर व विभाग इंजीनियर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्तों में भोजन का स्वाद, संस्कृति और पर्यावरण का बेहतरीन मेल

**वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण, आज भी पत्तों से बने प्लेट और दोना में भोजन करना पहली पसंद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

लगातार बदलते सामाजिक परिवेश में जहां एक तरफ सामाजिक भोज के लिए प्लास्टिक व थर्माकोल की डिस्पोजल डिजाईनिंग थालियों व अन्य पात्रे का उपयोग आज आधुनिकता के दौर मे किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वनांचल मैनपुर क्षेत्र मे निवास करने वाले लोग जो पर्यावरण प्रेमी है आज भी पत्तों में ही करते हैं। भोजन माहुल व साल के पत्तों में भोजन खाना पुरानी परंपरा है वनांचल क्षेत्र में प्लास्टिक थर्माकोल व डिस्पोजल की थालियों को आज भी लोग पसंद नहीं करते हैं। इन दिनों शादी विवाह जमकर हो रही है क्षेत्र मे लगभग हर गली मोहल्लों में शादी विवाह की धूम मची हुई है और ऐसे समय में एक साथ हजारों लोगों को भोजन कराने के लिए पत्ते से बने थाली आसानी से उपलब्ध हो जाता है ग्रामीण अपने आसपास के जंगल में जाकर आसानी से पत्ते तोड़कर लाते है और इससे घर में ही थाली तथा दोना का निर्माण कर लेते है और यह किसी प्रकार के लोगों को नुकसान भी नहीं पहुंचाता साथ ही इसे सेहत के सृष्टि से काफी बेहतर माना जाता है आदिकाल से पत्ते मे भोजन करने की परंपरा चली आ रही है और इस परंपरा का आज भी निर्वाहन किया जा रहा है जिसमें कोई खर्च भी नही होता क्षेत्र मे चाहे गरीब हो या अमीर सबके घर आसानी से पत्ता मे भोजन परोसा जाता है।



**प्लास्टिक व थर्माकोल पर्यावरण को कर रहे हैं दूषित-** वनांचल क्षेत्र के लोगो का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र मे पत्तो से बने प्लेट मे भोजन करना शुध्द माना जाता है लेकिन वहीं दूसरी ओर आधुनिकता के इस दौर मे बड़े शहरो मे पॉलीथिन कोटिंग कागजो व थर्माकोल के प्लेट लोगो को ज्यादा आकर्षित कर रहा है लेकिन यह लोगो के सेहत के साथ ही पर्यावरण के लिए काफी नुकसान देयक माना जाता है इसकी साफ सफाई मे ही हजारो रूपये खर्च पानी की तरह खर्च किया जाता है।

**विदेशो में भी होती है पत्तों से बने प्लेटो की मांग-** पिछले दिनों एक सर्वे मे सामने आया है कि विदेशो मे भी अब पत्तो से बने पात्रे की मांग बढ़ी है जर्मन कंपनी लीफ रिपब्लिक इसका जमकर उत्पादन कर रही है उसने यह दावा किया है कि अब विदेशों में लोग पत्तों से बने प्लेट व अन्य पात्रों की मांग कर रहे है।

**सामूहिक भोज में पत्तों का उपयोग आदिम परंपरा में शामिल-** वनांचल क्षेत्र मे निवास करने वाले लोगो का जीवन मुख्यतः वन पर आधारित है इसलिए प्राचीन काल से ही आदिम समाज की परंपरा के रूप में पेड़ पौधो के पत्तो का उपयोग विभिन्न कार्यो में किया जाता है जैसे पत्तो से दोना पत्तल, खुमरी, बारिश के समय बचने के लिए छतरी जिसे सर मे पहना जाता है बेदा अर्थात अनाज रखने का एक छोटा पात्र, डोलंगी अनाज रखने का बड़ा पात्र घर निर्माण में लता का उपयोग रस्सी के रूप में, खाट निर्माण के लिए लकड़ी व मनुष्य के जीवन में पेड़े पौधे का काफी महत्व है इन दिनों शादी विवाह के कारण एक साथ सैकड़ो हजारो लोगो की भोजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन हजारो प्लेट की जरूरत पड़ती है और इसकी पूर्ति आसानी से आदिम परंपरा अनुसार ग्रामीण पेड़ो के पत्तो से कर रहे है ठेमली के ग्रामीण जनपद सदस्य सुखचन्द्र धुरव, गोविन्द धुरव, फरस राम, सहदेव धुरव, बुधराम सोरी ने बताया हमारे क्षेत्र में ग्रामीण शादी विवाह व अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यो में पत्तो से बने प्लेट में ही भोजन करना सामूहिक रूप से पसंद करते है हमलोग थर्माकोल और प्लास्टिक का उपयोग नही करते।

**पेज 11 के शेष...**

## उच्च एवं तकनीकी...

पढ़ने अभनपुर, रायपुर, महासमुंद, फिंगेश्वर, गरियाबंद तक जाते हैं। जिससे छात्रों को आने-जाने या वहां रहने का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है। छात्र-छात्राओं की संख्या कई हजारो में है। जो या तो पढ़ाई कर रहे हैं या पढ़ाई पूर्ण कर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को पुस्तकों के लिए रायपुर जैसे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है एवं अत्यधिक फीस देकर रायपुर की लाइब्रेरी में मेंबरशिप लेनी पड़ती है। जिससे छात्र छात्राओं को अतिरिक्त खर्च बढ़ता है। छात्र-छात्राओं की मांग है कि शहर में उच्च शिक्षण संस्थान एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान खोलने की पहल की जाए।

## तापमान 40 डिग्री...

दुकानों के शटर अब आधे गिरे हुए नजर आ रहे हैं। हर तरफ गर्मी को लेकर हा-हाकार मचना शुरू हो गया है। दिन में भी सड़कें सूनी नजर आ रही है। बाजार भी सूना रहता है। आऊट साईड के गांव के रास्ते भी कफ्र्यू के माफिक सूनसान हो गया है। लोग दिन में आवाजाही बिल्कुल बंद कर दिए हैं। जिन्हें जरूरी काम से जाना है, वे तड़के 5 बजे से लेकर 10 और अधिक हो गया तो 11 बजे तक यात्रा कर रहे हैं। इधर शाम को 5 बजे के बाद ही लोग घर से निकलते हैं। बावजूद गरम हवाओं के थपड़े झेलना पड़ता है। गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। वायरल फीवर सर चढ़कर बोल रहा है। तेज बुखार और खांसी से लोग बेहाल हो गए है। बुखार की दवा भी काम नहीं कर रहा है। खांसी को रोकने ढंग से सिरप नहीं मिल रहा है। शहर के सभी निजी हॉस्पीटल ठसाठस भरे हुए नजर आ रहे हैं। यही हाल मेडिकल स्टोर्स का भी है जहां डॉक्टरो की पर्ची लेकर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी का असर अधिक उम्र के लोगों के ऊपर कुछ ज्यादा ही दिख रहा है। छोटे मासूम बच्चे भी प्रभावित है। श्रमिक वर्ग भी गर्मी को देखते हुए काम में जाना पसंद नहीं कर रहे हैं यदि चले भी गए तो दोपहर 1 बजे के पहले आने घर को लौट रहे है। गर्मी से हर वर्ग के लोग हलाकान हैं।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### थाना प्रभारी ने बाइक सवारों को दिया हेलमेट

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर पुलिस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने बाइक सवार लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए और हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में जागरूकता फैलाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और बाइक चालकों को सुरक्षित रखना है। पुलिस ने लोगों को समझाया कि हेलमेट पहनने से न केवल उनकी जान बच सकती है, बल्कि उनके परिवार और समाज की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से यातायात नियमों का पालन करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और सड़क पर चलने वाले लोग सुरक्षित होंगे स इस पहल में मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा और स्टॉप दोपहर 2 बजे से लेकर शाम तक इस अभियान में तैनात थे और लोगों के बीच इस अभियान को जारी रखते हुए निशुल्क हेलमेट वितरण के साथ सड़क पर दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट पहनने की अपील की साथी जो लोग हेलमेट पहनकर बाइक सवार गुजर रहे थे उन्हें फूल चॉकलेट गमछा देकर सम्मानित किया, इस तरह की पहल को देखकर राहगीरों द्वारा थाना प्रभारी और स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## निधन

### मनाराम वर्मा

**छुरा।** सेवानिवृत लेखपाल मनाराम वर्मा का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छुरानगर के मुक्तिधाम में किया गया।



अंतिम यात्रा में विधायक जनकराम ध्रुव, नगरपंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी निषाद, हरीश यादव पार्षद, एवं व्यापारी, सहित नगर के गणमान्य नागरिक शोकाकुल परिवार संजय वर्मा (शिक्षक) लोकेश्वर वर्मा (पूर्व एन्डरमेन) के पिता जी थे।

**कार्यक्रम : 20 वर्षो बाद पहुंचे विधायक जनक से ग्रामीण ने मुलाकात कर बताई समस्या**

# क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी: ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र राजापडाव गौरगांव क्षेत्र के दौरे पर दो दशक बाद शनिवार को बिन्द्रानवागढ के विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो ग्रामीणों ने ऐतिहासिक गाजे बाजे के साथ फुलमाला से स्वागत किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधायक जनक ध्रुव सुबह 11 बजे जैसे ही ओडिसा सीमा अंतिम छोर में बसे गौरगांव पहुचे ग्रामीणों ने आत्मीयता से स्वागत किया ग्रामीणों के साथ जनक ध्रुव ने आदिवासी नृत्य में जमकर थिरके। इस दौरान विशाल सभा का आयोजन किया गया जहां 10 पंचायत से पहुंचे क्षेत्र से पहुचे सैकड़ों महिला पुरुषों व ग्रामीणों ने क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, शिक्षा, पेयजल स्वास्थ्य आदि समस्याओं से अवगत कराया। कई समस्याओं का तत्काल मौके पर संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने कहा कि राजापडाव गौरगांव क्षेत्र की समस्या मेरी समस्या है, और इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, बिजली, के लिए विधानसभा में उन्होने प्रमुखता के साथ बात रखा है क्षेत्र में बिजली लगाने स्वीकृति मिल गई है लेकिन टेंडर प्रक्रिया और कुछ एनओसी का कार्य बाकी है, जल्द इसे पूरा कर लिया जायेगा साथ ही पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क पुल पुलिया के लिए उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है ग्रामीणों के मांग पर तत्काल देवगुडी स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा किया और ग्रामीणों के साथ पूरे गौरगांव ग्राम का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान तीन ग्रामीणों के घर शादी विवाह कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान ग्राम पंचायत गौरगांव के सरपंच चिमन लाल ने कहा कि 20 वर्षो बाद हमारे क्षेत्र में विधायक जनक ध्रुव पहुंचे हैं क्षेत्र के लोग बहुत खुश है, उन्होने कहा कि अब विधायक के पहुंचने के बाद इस क्षेत्र की समस्याओ को जल्द समाधान किया जायेगा। विधायक ग्राम पंचायत कोकड़ी, शुक्लाभाठा, ढोलसरई, कन्हारपारा भी पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान जनक ध्रुव ने कई ग्रामों में देव स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण के साथ ही हैंडपंप के लिए खनन कार्य की स्वीकृति दी और दो ग्रामों में सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। ग्राम पंचायत गोना के सरपंच निरमत बाई नेताम ने बताया कि गांव में कमारपारा गोना में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन पानी नहीं आ रहा है कमारपारा के ग्रामीण झरिया खोदकर प्यास बुझा रहे है सौर उर्जा प्लेट जर्जर हो गई है, जिसके कारण एक दो घंटा जलने के बाद पुरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड रहा है, कमारपारा के ग्रामीण झरिया का पानी पीने मजबूर हो रहे है, ग्रामीणों के सभी समस्याओ का समाधान करने का आश्वासन जनक ध्रुव ने दिया है।



**नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण रही कडी सुरक्षा व्यवस्था**

मैनपुर ईलाके के गौरगांव क्षेत्र को घुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। विधायक के इस क्षेत्र में दौरा के चलते भारी पुलिस के जवान तैनात किये गए थे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनक ध्रुव राजपडाव गौरगांव क्षेत्र के दर्जनभर से ज्यादा ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना, और ग्रामीणों से मुलाकात किया।



**शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण**

विधायक जनक ध्रुरव शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया इस दौरान ग्रामीणों ने नया भवन निर्माण की मांग किया है साथ ही गौरगांव क्षेत्र में तीन मांह से टीकाकरण नही होने की शिकायत की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों से जनक ध्रुरव ने चर्चा किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, गौरगांव के सरपंच चिमन लाल, जनपद सदस्य रमुला मरकाम, भुनेश्वर नेगी, जनपद सदस्य सुखचन्द्र ध्रुव, पुनीत राम ध्रुव, गौकरण नेगी, हरिश्चन्द्र मंडावी, सियाराम मंडावी, प्रभुलाल विश्वकर्मा, शंकर नेताम, कन्हैया मरकाम, तिलक राम मरकाम, चैनसिंह, हिन्दुराम नेताम, पुसऊराम निर्मलकर, बृजलाल ध्रुरव, नरेश नेताम, भगवान सिंह नेताम, चैतराम मंडावी, महेन्द्र नेताम, सीताराम यादव, देवीराम नेताम, राजेन्द्र मरकाम, परमे"वर ध्रुर्वा, सोहन लाल नेताम, अर्जुन नेताम, दीनु पटेल एंव क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच एंव ग्रामीणजन बडी संख्या में उपस्थित थे।



# भाजयुमो ने घेरा कांग्रेस कार्यालय फूंका राहुल-सोनिया का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष फनेंद्र भूषण वर्मा के नेतृत्व में जिला युवा मोर्चा के सैंकड़ों कार्यकर्ता आरंग के राजीव गांधी कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया तथा राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ,देवनाथ साहू, गोपाल वर्मा ,राजा तम्बोली, दिनेश चंद्राकर, सुनील नेभवानी, राकेश सोनकर,ज्ञान प्रकाश चंद्राकर,मुकुंद मेश्राम, गौरव शर्मा, गजेंद्र यादव,वेदप्रकाश देवांगन, महेश यदु, मुकेश वर्मा, दिलराज छाबड़ा, गोयल भट्ट, कान्हा गोस्वामी, लौटन गिलहरे, मुकेश वर्मा, मुरली साहू, रिंकू चंद्राकर, लुकेश साहू, पिंटू साहू , हरिशंकर वर्मा, चंद्रकांत वर्मा,विनोद साहू, खुलेश साहू, यशपाल लोधी, प्रफुल साहू, सागर साहू सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकत्ता शामिल थे। मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा सोनिया और राहुल को गिरफ्तार करने की मांग की गईहै आरोप है कि नेशनल हेराल्ड मनी लॉड्रिंग मामले में 750 करोड़ रूपए का घोटाला किया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की खड़मा में हुई बैठक



**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय एवं पार्टी कार्यालय गरियाबंद के आदेश अनुसार मंडल खड़मा का प्रथम सक्रिय कार्यकर्ताओं का बैठक सिन्हा भवन खड़मा में रखा गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा कार्यकर्ताओं को संबोधन किया तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय द्वारा नव मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा का स्वागत कि जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलुराम यदु, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, बिन्द्रानवागढ़ के मंडल अध्यक्ष विश्वकर्मा, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा, पंकज निर्मलकर, खेमलाल सिन्हा, यादराम साहू, लक्ष्मण वर्मा, सोमन यदु, पूर्णिमा कंवर, रेखा यदु, नीतू भोसले, पुष्कर साहू, वेद राम साहू, आनंद सिन्हा, भुनेश्वर साहू, राधेश्याम दिवान, हेमलाल नेताम, रमन नामदेव, जसप्रीत सींग, सालिक सेन, तेजराम, गणेश साहू विक्की यदु, भारत निषाद, रवि साहू, मनीराम यादव, कैलाश साहू, सोम प्रकाश साहू, खाभन विश्वकर्मा, हीरामन साहू, देवलाल चक्रधारी, खेमलाल साहू उपस्थित थे।

# शिक्षक छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का मार्गदर्शक : निषाद

**सेवानिवृत्ति प्राचार्य नारायण का शॉल व श्रीफल भेंटकर किया गया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



घटारानी मुख्यमार्ग बुढ़ादेव मंदिर परिसर में शनिवार को छुईहा संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तत्कालीन सेवा निवृत्त प्राचार्य शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल छुईहा नारायण निषाद को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंटकर अतिथियों के हाथों छुईहा संकुल स्तरीय सम्मानित किया गया। फिर बारी -बारी से व्यक्तिगत उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। नारायण निषाद ने कहा की जो खुद वहीं रहते हुए दूसरों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करता है, जैसे कि सड़क खुद एक जगह पर स्थिर रहते हुए भी लोगों को विभिन्न स्थानों तक पहुंचाती है। शिक्षक ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुंच पाते हैं। आगे कहा की ज्ञानवानों का उत्तरदायित्व है कि वे समाज को सही दिशा देकर परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करें। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी ने कहा की सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। इस दौरान शुभाष शर्मा बीआरसी, डीआर सिन्हा, सीएससी छुईहा गिरीवर यादव, सीएससी राजिम धर्मेंद्र कौंदकरा, नरेश कुमार साहू, प्राचार्य हायर सेकेंडरी छुईहा एम के साहू, यशोदा ध्रुव, सरिता गायकवाड़, प्रधान पाठक यशोदा ध्रुव, चरौदा कमलेश कुमार साहू, गिरिष साहू, हीरा सिंग यादव, जमाही जागेश्वरी ध्रुव, ठाकुर राम साहू, बीरेंद्र पवार, आरडी ध्रुव, वेद ध्रुव, आरके ध्रुव, नीलम अंगारे, पीसी ध्रुव, एस रात्रे, नेहा ठाकुर, वीरेंद्र ध्रुव कृपाल दीवान, राजकुमार सिन्हा, संतोष वर्मा, दीपा साहू, फानेश्वर कवर, डोमार सिन्हा सोमन साहू, मनी नेताम, जानकी सिदार, खोमन सिन्हा, घनश्याम कंवर, भागीरथी सिन्हा मंच संचालन आशाकांत रजक उपस्थित थे।

# खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दी विभाग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ शासन खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा का गरियाबंद जिला के राजिम विधानसभा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए फिंगेश्वर एवं मंडल के ग्राम जामगांव में पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया वही 'पर कार्यकर्ताटों से मिलकर खुश हुए एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठन को गांव गांव में संगठन को मजबूत बनाने पर चाय पर चर्चा करते हुए जोर दिया।

फिंगेश्वर मंडल के मुख्यालय पर पहुंचते ही रानी श्याम कुमारी चौक पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य नागरिक अभिनंदन किया तथा भीशण गर्मी मे गन्ना रस का आनंद लिया।फिर भारतीय जनता पार्टी फिंगेश्वर नगर के वरिष्ठ नेता शिवनंदन श्रीवास के आकस्मिक निधन पर उनके घर निवास जाकर परिवार जनों से भेंट मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भागवत हरित, मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता हरित महामंत्री मिन्जून साहू,गरियाबंद जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महामंत्री पूर्व एल्डरमैन सहदेव सोनी, किरणेश सोनी, पार्षद एवं महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पदमा यदू, वरिष्ठ भाजपा नेत्री अनिता शर्मा, पत्रकार दीपक पोद्दार, सहकारी समिति फिंगेश्वर के अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, युवा मोर्चा के महामंत्री वैभव सोनी, सेवा निवृत बीईओ एच एल साहू, किसान मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, ग्राम पंचायत चैत्रा के सरपंच पति प्रतिनिधि रवि साहू, पोषण साहू, अश्वनी साहू तथा जामगांव प्रवास के दौरान दशरथ सिंन्हा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच अरुण सिंन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता लालाराम साहू, शिवराम सिंन्हा, नरसिंह सिंन्हा, विनीत उपाध्याय, उमराव सिंन्हा, मुकेश धुव लालता ध्रुव, हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू, हेमलाल सिन्हा, पप्पू, जामगांव बूथ क्रमांक 11 के अध्यक्ष सुखी राम दीवान, द्वारिका साहू, मुरारी पटेल सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# कोमल ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शनिवार को भेंडरी निवासी कोमल साहू ने अपने पुत्र-पुत्री के विवाह अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी के बच्चों को न्यौता भोज दिया। न्यौता भोज में वर में सुनील साहू एवं कन्या ओमेश्वरी (अन्नु) साहू के पिता कोमल साहू एवं चाचा खेलूराम साहू ने अपने हाथों से पापड़, खीर, बड़ा, लडडू, चावल, दाल, मुनगा, केला,चना की सब्जी अपने हाथों से परोस कर बच्चों को भोजन कराया। बच्चे आज भोजन पाकर बहुत खुश रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मोहन साहू, पूर्व पंच पोषण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे सुपोषण शक्ति निर्माण योजना बहुत ही बेहतरीन योजना है ऐसे भोज के आयोजन से सामाजिक समरसता का विकास के साथ ही बच्चों को पौष्टिक भोजन प्राप्त होता है। कोमल साहू परिवार बहुत ही बधाई के पात्र है जिन्होंने अपने पुत्र-पुत्री के विवाह के अवसर बच्चों को न्यौता भोज देकर सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया। कोई भी व्यक्ति जन्मदिन, जन्मसंस्कार,शादी के साथ ही विभिन्न अवसर पर न्यौता भोज दे सकते है। न्यौता भोज कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, सभी शिक्षक शामिल रहे। न्यौता भोज कार्यक्रम में साक्षरता कार्यक्रम के ब्लाक प्रभारी दीनू साहू,प्रधानपाठक, चंद्रभूषण साहू, भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षक लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप साहू, परमेश्वर निषाद, शोभा देवांगन, जगमोहन साहू, कोमल साहू, खेलूराम साहू, प्रेमशंकर गोस्वामी, रूपेश्वर साहू, युगल साहू, गोदावरी साहू मौजूद थे।

# व्यक्ति को लू से बचने के लिए स्कार्फ, टोपी एवं छतरी का करना चाहिए उपयोग : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



जिस तरह से अप्रैल माह में गर्मी पड़ रही है उसे देखते हुए आगे महीनों में गर्मी का सितम कैसा रहेगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। लू से बचाव एवं आवश्यक सावधानी के बारे में जानकारी देते हुए पूरन लाल साहू संकुल प्राचार्य बिजली ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूला के विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि गर्म हवाएं न सिर्फ त्वचा को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि सेहत को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। इस मौसम में लू लगने की परेशानी बनी रहेगी।इसे हीट स्ट्रोक के नाम से भी जाना जाता है। जब कोई व्यक्ति गर्म हवा और धूप में देर तक रहता है उसका चेहरा और सिर देर तक धूप और गर्म हवा के संपर्क में आता है तो उसे व्यक्ति को लू लग जाती है।लू लगने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देते है। जैसे बुखार होना, त्वचा का लाल पड़ना, रुखा होना, नाड़ी का तेज चलना, चक्कर आना, सिर दर्द होना, घबराहट होना, अत्यधिक पसीना आना, बेहोश होना आदि। गर्मी व लू के बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहे।ठंडे पानी से नहाएं, सिर ढंककर रखते हुए चश्मा,गमछा एवं छतरी का उपयोग करें। धूप में नंगे पांव न चले। ओआरएस का घोल, नारियल पानी,छाछ,नीबू पानी,फलों का रस इत्यादि का सेवन करना लाभदायक होता है। इनके साथ साथ धूप,गर्मी और गर्म हवा से शरीर को बचाकर ही हम इस स्थिति से बच सकते हैं। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू, शिक्षक नरेन्द्र कुमार वर्मा, मन्नू लाल ध्रुव, रखमणी साहू व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।




